Reg. No. | | | | | | | | | |

BCMHDL 254

IV Semester B.Com. Degree Examination, April/May 2019

(Credit Based Semester Scheme)

(2016-17 Batch onwards)

HINDI LANGUAGE

Group I – Paper IV

Time : 3 Hours] [Max. Marks : 80

I. एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर लिखिए। **(5 × 1 = 5)**

1. भीलराज को 'नीच' कहकर अपमान करने पर विक्रम को कौन डाँटती है?
2. कर्मवती हुमायूँ को क्या भेजती है?
3. धनदास कौन है?
4. चारणी श्यामा को मोहनिद्रा से कैसे जगाती है?
5. चाँदखाँ किसकी शरण में आया था?

Shri Dharmasthala Manjunatheshwara College of Business Management Library MANGALORE - 575 003

II. किन्हीं तीन की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **(3 × 5 = 15)**

1. राखी पाने के बाद भी क्या कोई वैर-विरोध याद रख सकता है?
2. मुहब्बत और यकीन से ही दुनिया चल रही है।
3. चलो बेटा, मेवाड़ के महलों के गद्दों पर नहीं, मेवाड़ की धूल पर ही तुम्हारा वास्तविक आसन है।
4. हा! हा! हा! इस आग को देखकर रोना नहीं आता, ह्रदय उत्साह से पागल हो उठता है।

III. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(2 × 10 = 20)**

1. 'रक्षा बंधन' नाटक का सारांश लिखते हुए लेखक के विचारों पर प्रकाश डालिए।
2. हुमायूँ का चरित्र चित्रण कीजिए।
3. नाटक के आधार पर कर्मवती की चरित्रगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
4. 'रक्षा बंधन' के आधार पर विक्रम और चाँदखाँ के संवाद का वर्णन कीजिए।

P.T.O.

IV. किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए। **(2 × 5 = 10)**

1. भीलराज
2. माया
3. जवाहरबाई
4. शाहशेख

V. (अ) भारतीय सेना में कार्यरत सैनिकों के बच्चों को शुल्करहित शिक्षा-पदान करने की सूचना देते हुए गृह मंत्रालय, कर्नाटक सरकार, की ओर से अधीनस्थ सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति के नाम एक परिपत्र तैयार कीजिए। **(1 × 5 = 5)**

अथवा

सपना प्रकाशन, कुवेंपु नगर, मैसूर से जो पुस्तकें मँगवायी हैं, वह आदेश के अनुसार नहीं हैं। इसकी शिकायत करते हुए अपनी ओर से एक पत्र लिखिए।

(आ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(5 × 1 = 5)**

धन का व्यय विलास में करने से केवल क्षणिक आनंद की प्राप्ति होती है। यह धन का दुरुपयोग हैं, किंतु धन का सदुपयोग सुख और शांति देता है। धन के द्वारा सबसे अधिक महत्वपूर्ण कार्य हो सकता हैं, वह है परोपकार । भूखों को अन्न, नंगों को वस्त्र, रोगियों को दवा, अनाथों को घर द्वार, अपाहिजों के लिए आराम के साधन, विद्यार्थियों के लिए पाठशालाएँ आदि धन के द्वारा जुटाई जा सकती हैं। धन रहने के कारण एक अमीर आदमी को लोगों की भलाई करने के अनेक अवसर प्राप्त होतें हैं, जोकि एक गरीब आदमी को उपलब्ध नहीं है, चाहे वह इसके लिए कितना भी इच्छुक क्यों न हो, पर संसार में ऐसे अमीर आदमी बहुत ही कम हैं जो अपना भोग-विलास त्याग कर अपने धन को परोपकार में लगाते हैं।

प्रश्न :

1. धन का व्यय विलास में करने से किसकी प्राप्ति होती है?
2. धन का सदुपयोग क्या देता है?
3. धन के द्वारा सबसे महत्वपूर्ण कार्य क्या हो सकता है?
4. धन के द्वारा क्या-क्या जुटाई जा सकती हैं?
5. संसार में कैसे अमीर आदमी बहुत ही कम हैं?

VI. (अ) विवाह विज्ञापन के आलोक में नयना के नाम से एक स्ववृत्त तैयार कीजिए। **(1 × 5 = 5)**

(आ) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए जो मूल से एक तिहाई (⅓) से अधिक न हो और उचित शीर्षक दीजिए। **(1 × 5 = 5)**

आर्थिक क्रांति ने आज दुनिया को युद्ध का मैदान बना दिया है। हर जगह अशांति और आंदोलन नज़र आ रहा है। विभिन्न देशों की परिस्थितियों के परिशीलन के बल से यही मालूम होता है कि दूसरे महायुद्ध कालों का अंत हो गया है, लेकिन युद्ध के कारण तो ज्यों-के-त्यों बने हुए हैं। बात यह है कि हर जगह युद्ध तो नहीं हो रहा है किंतु सैनिक शक्ति दिन-दुगुनी और रात चौगुनी बढ़ती जा रही है।

विभिन्न जातियों के बीच और राष्ट्रों के बीच एवं गुटों के बीच ईर्ष्या और द्वेष की आग छलकती जा रही है और उस आग की चिंगारियाँ दुनिया के कोने-कोने में फैलती जा रही हैं। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना विश्व में शांति की स्थापना के उद्देश्य से हुई थी। किंतु आज जब हम इसकी तरफ़ नज़र दौड़ाते हैं तो यही दिखाई देता है कि उसमें भी दलबंटियाँ हैं जो अपने-अपने स्वार्थों के लिए आपस में संघर्ष कर रही हैं। तब यह प्रश्न सहज हो पैदा हो जाता है कि इन ईर्ष्या और द्वेषों से तथा भयानक युद्धों से मानवता की रक्षा हो सकती है? क्या निकट भविष्य में फिर प्रचण्ड प्रलयंकारी युद्ध का भयंकर विस्फोट न होगा? क्या इस अणु बम के युग में युद्ध और हिंसा के द्वारा शांति की स्थापना सफल होगी?

Shri Dharmasthala Manjunatheshwara College of Business Management Library MANGALORE

VII. **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(2 × 5 = 10)**

1. अपने युवक मंडल के वार्षिकोत्सव के संदर्भ का एक ब्यानर तैयार कीजिए।
2. अपने दादा के षष्ठ्यब्ध महोत्सव के संदर्भ का निमंत्रण-पत्र तैयार कीजिए।
3. आपने एक नया शांपू तैयार किया है। इसका एक विज्ञापन निकालिए।